कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 29.08.2024

//प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में खेल दिवस आयोजन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में खेल दिवस का जोरदार आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अपर संचालक उच्च शिक्षा दुर्ग संभाग डॉ. राजेश पाण्डेय एवं विशिष्ट अतिथि श्री विनायक नातु (विधायक प्रतिनिधि) थे।

सर्वप्रथम मेजर ध्यानचंद जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। अपने उद्बोधन में डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ध्यानचंद जी की उपलब्धियों से छात्राओं को अवगत कराया। उन्होनें खेल दिवस की बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय हमेशा से ही छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर जोर देता आया है। उन्होनें पुरस्कृत छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि आगे भी आप इसी तरह आगे भी खेलों में हिस्सा लें। उन्होनें महाविद्यालय की खिलाड़ी छात्राओं- सोनिया साहू-फुटबॉल, मेघा देशमुख-क्रिकेट, ए. प्रिया राव - हैण्डबाल को बधाई दी जिन्हें आज के दिन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राजकीय खेल सम्मान मिला है।

विशिष्ट अतिथि श्री विनायक नातु जी (विधायक प्रतिनिधि) ने कहा कि यह महाविद्यालय शहर का बड़ा महाविद्यालय है इसमें बढ़ती छात्रा संख्या एवं उत्कृष्ट क्रीड़ा गतिविधियों को देखते हुए शासन द्वारा महाविद्यालय को खेल मैदान एवं अन्य सुविधायें उपलब्ध करवाने की पुरजोर कोशिश करेंगे।

मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा सर्वप्रथम महाविद्यालय की फुटबॉल खिलाड़ी सोनिया साहू को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी 2023-24 के लिए घोषित किया गया उन्हें ग्यारह सौ रूपये नगद एवं प्रतीक चिन्ह से पुरस्कृत किया गया। तद्पश्चात उन छात्राओं को पुरस्कृत किया जिन्होनें महाविद्यालय की ओर से हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की टीम की ओर से ईस्ट जोन प्रतियोगिता का प्रतिनिधित्व किया- ए.अर्चना एवं मानसी नेताम-हैण्डबाल, पूनम नायक-नेटबाल, मोनिका एवं जागृति कुमेटी-साफ्टबाल प्रतियोगता इन खिलाड़ियों को 1100 रूपये नगद एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। खेल सप्ताह के अन्तर्गत निम्नलिखित खेलों का आयोजन किया जिसका पुरस्कार वितरित किया गया - फुगड़ी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर चंचल यादव, बी.कॉम. अंतिम, द्वितीय स्थान पर तारणी ठाकुर, बी.ए. प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान पर गुंजा निषाद, बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया।

गेड़ी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टानिया ठाकुर, बी.ए. प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान गुंजा निषाद तथा तृतीय स्थान पर जागृति कुमेटी बी.ए. द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। वहीं शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुषमा बरईया-पीजीडीसीए, द्वितीय स्थान रिया बारले-एमए. अंग्रेजी एवं तृतीय स्थान पर अनिता वैद्य-बी.एससी. द्वितीय वर्ष एवं शारदा पोटाई-एम.एससी. गणित रहे। निबन्ध लेखन जिसका विषय वर्तमान परिपेक्ष्य में क्रीड़ा में महिलाओं की भूमिका में प्रथम पुरस्कार स्वाति वर्मा-बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर अलक्सा अंजुम-एम.कॉम. प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान पर चंचल यादव बी.कॉम. अंतिम वर्ष रहे। प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान श्रद्धा साहू-बी.एससी. अंतिम वर्ष, द्वितीय स्थान पर सुस्मिता नायक-पीजी डिप्लोमा इन योगा एवं तृतीय स्थान पर अम्बिका मटियारा-पीजी डिप्लोमा इन योगा ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर एवं डॉ. ऋतु दुबे ने किया तथा आभार प्रदर्शन क्रीड़ा समिति के संयोजक डॉ. सुषमा यादव ने किया। कार्यक्रम में डॉ. लता मेश्राम, डॉ. अमिता सहगल, डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल, डॉ. के.एल. राठी एवं अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित थे तथा श्री विमल यादव, श्री विजय चन्द्रकार एवं श्री ओम ध्रुव ने विशेष सहयोग दिया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)